# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


प्रेस विज्ञप्ति

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं दुर्गा पूजा महोत्सव पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

बुधवार, 24 सितम्बर 2025

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में 24 सितम्बर 2025 को कक्षा आठ के छात्रों द्वारा एक भव्य एवं आध्यात्मिक रूप से प्रेरणादायी विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह सभा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके एकात्म मानवतावाद के सिद्धांतों को स्मरण करने तथा दुर्गा पूजा के उत्सव की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय और नारीशक्ति की दिव्यता का प्रतीक है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा आठ के प्रत्युष राज ने किया। इसके बाद हीति सिन्हा द्वारा मधुर प्रार्थना प्रस्तुत की गई तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्ण ढंग से विद्यालय गीत प्रस्तुत किया । पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष संकल्प का वाचन समर कुमार मिश्रा ने किया, जिसने विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति, सेवा एवं करुणा के मूल्यों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया।

दुर्गा पूजा के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्त्व का परिचय सभा प्रभारी नैन्सी रोज़ी सिंह ने कराया। विद्यालय छात्र सौमिक चटर्जी ने पावन श्लोकों का वाचन कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। तत्पश्चात शिक्षक नबारुन सेनगुप्ता ने दुर्गा पूजा के महत्त्व पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने भक्ति, साहस और सत्य की विजय जैसे संदेशों को रेखांकित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पुनः देवी दुर्गेश्वरी को भजन समर्पित किया। तत्पश्चात छात्रों ने महिषासुर मर्दिनी गीत पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें देवी दुर्गा के विविध रूपों की अद्भुत झाँकी प्रस्तुत की गई। इस नाटिका ने उनकी शक्ति, साहस और महिमा को अत्यंत जीवंत रूप में दर्शाया।

सभा के दौरान इंटर हाउस टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025 के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की शैक्षिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता ने कार्यक्रम की भव्यता पर प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यार्थियों से कहा कि वे शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ सांस्कृतिक अभिव्यक्ति में भी आगे बढ़ें, ताकि वे सर्वांगीण व्यक्तित्व के धनी बन सकें।

विद्यालय के प्राचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर ने छात्रों की समर्पण भावना और रचनात्मकता की सराहना करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आज के समय में प्रासंगिकता और दुर्गा पूजा से मिलने वाली साहस, आस्था और धर्म के विजय की सीख पर प्रकाश डाला। शैक्षिक समन्वयक श्री रवि शेखर तथा जूनियर विंग इंचार्ज श्री राजकिशोर शर्मा ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सांस्कृतिक जागरूकता विकसित करने में सहायक बताया।

संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण था, जिसमें शिक्षा केवल बौद्धिक उन्नति तक सीमित न रहकर सृजनात्मकता, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों को भी पोषित करती है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ, जिसने सभी के हृदय में देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव की भावना जागृत कर दी।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com
Ph: 748596731

**Press Release**

# Special Assembly Honouring the Birth Anniversary of Pandit Deendayal Upadhyaya & Celebrating the Spirit of Durga Puja at Oxford Public School, Ranchi

Wednesday, 24th September 2025:

Oxford Public School, Ranchi, witnessed a splendid and spiritually uplifting Special Assembly on 24th September 2025, organized and conducted by the students of Class VIII-D. The assembly was a tribute to the legacy of Pandit Deendayal Upadhyaya, whose ideals of integral humanism continue to inspire generations, and a celebration of the value and cultural importance of Durga Puja, symbolizing the victory of good over evil and the power of feminine divinity.

The event began with Pratyush Raj confidently taking charge as the Commander of the assembly followed by a peaceful morning prayer by Heeti Sinha and a spirited rendition of the School Song by the students' choir.

To honor Pandit Deendayal Upadhyaya's birth anniversary, a Special Pledge was delivered by Samar Kumar Mishra of VIII-D inspiring students to embody values of nationalism, service, and compassion. The celebration of Durga Puja, a festival deeply rooted in Indian culture and spiritual values, was introduced by the Assembly Incharge Mrs. Nancy Rosy Singh. Soumik Chatterjee (student of VIII-D) recited sacred Shlokas, adding spiritual resonance to the atmosphere.

A powerful speech on the significance of Durga Puja was delivered by Mr. Nabarun Sengupta who highlighted the festival's messages of resilience, devotion, and the victory of good over evil. The students' choir once again enchanted the gathering with a special devotional song dedicated to Goddess Durga. Following this, the students presented a captivating dance drama set to the powerful Mahishasura Mardini song, vividly portraying the many divine forms of Goddess Durga and magnificently highlighting her strength, valor, and glory.

In the assembly participants of Inter-House Table Tennis Tournament 2025 were felicitated with cirtificates rejoicing their feat.

Dr. Simi Mehta, Academic Director, expressed immense satisfaction at the quality of performances and urged students to continue blending academics with cultural expression to become well-rounded individuals.

Mr. Ranjit Kumar Thakur, Principal, commended the organizing class for their dedication and creative expression. He spoke about the relevance of Pandit Deendayal Upadhyaya's philosophy in today's world and how Durga Puja teaches us the values of courage, faith, and victory of righteousness.

Mr. Ravi Shekhar, Academic Coordinator and Mr. Raj kishor Sharma, Junior Wing Incharge highlighted the importance of such assemblies in shaping confident, culturally aware youth.

The assembly concluded with the National Anthem, leaving the gathering filled with a sense of patriotism and cultural pride. The entire programme stood as a testament to the school's commitment to holistic education-one that nurtures intellect, creativity, spirituality, and moral values.

The event concluded on a patriotic note with the singing of the National Anthem.